सुविचार

कभी भी किसी को भला बुरा कहने से पहले यह अवश्य सोच ले कि यदि वही शब्द कोई आपसे कहे तो आपको कैसा प्रतीत होगा।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-15 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 19 मई 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


## कब मौलिक अधिकारों को निलंबित किया जा सकता है जानिए/fundamental of rights...

जब देश के किसी भाग की सुरक्षा को युद्ध अथवा बाह्या आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह का खतरा उत्पन्न हो जाता है तब भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राष्ट्रपति, राष्ट्रीय आपात की घोषणा करता है। जब देश में राष्ट्रीय आपात की घोषणा हो जाती है तब भारतीय संविधान के अनुच्छेद 358 एवं अनुच्छेद 359 के अंतर्गत मोलिक अधिकार को कुछ समय के लिए निम्न प्रकार से निलंबित किया जाता है जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

1. राष्ट्रीय आपात के समय अनुच्छेद 358 के अंतर्गत अनुच्छेद 19 द्वारा प्रदत्त छः प्रकार के मौलिक अधिकारों स्वतः ही निलंबित हो जाते हैं इनके लिए किसी आदेश की आवश्यकता नहीं होती है।

2. राष्ट्रीय आपात के समय अनुच्छेद 359 के अंतर्गत सिर्फ मौलिक अधिकार अनुच्छेद 20 एवं अनुच्छेद 21 को छोड़कर सभी मौलिक अधिकारों का निलंबन राष्ट्रपति के आदेश द्वारा होगा।

आर्थत सिर्फ दोनो परिस्थितियों में मौलिक अधिकारों का निलंबन किया जा सकता है।

अनुच्छेद 32 कब मोलिक अधिकारों के निलंबन का संरक्षण करता है जानिए?

उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय को मौलिक अधिकारों के निलंबन के संरक्षण करने का अधिकार है लेकिन अनुच्छेद 358 एवं अनुच्छेद 359 की परिस्थितियों को छोड़कर उच्चतम न्यायालय भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के अनुच्छेद 32(4) के अंतर्गत मौलिक अधिकारों को निलंबित नहीं होने देगा एवं उनको प्रवर्तन रहने देगा।

## विवाहित स्त्री की आत्महत्या कब पति एवं उसके माता पिता को जेल भेज सकती है जानिए/legal advice.......

कहते हैं महिलाएं जब शादी करके सुसराल जाती है तो वह अपने माता पिता एवं भाई बहन को छोड़कर जाती है ससुराल में पति एवं पति के माता पिता, भाई ही अब उसका अपना परिवार होता है। लेकिन वर्तमान स्थिति में महिलाओं को ससुराल में एक नोकरानी की तरह रखा जाता है उन्हें किसी भी प्रकार के अधिकार नहीं दिए जाते हैं। अक्सर देखा जाता है कि पति, सास-ससुर या पति के नातेदार द्वारा उन्हें इतना परेशान किया जाता है कि वह अपनी परेशानिया आपने माता पिता या रिश्तेदार को भी नहीं सुना सकती है एवं घुट-घुट कर आत्महत्या कर लेती है या आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाती है। परन्तु ऐसी पीड़ित महिलाओं के लिए भारतीय कानून में दण्ड का ठोस प्रावधान है जानिए।



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

भारतीय साक्ष्य अधिनियम,1872 की धारा 113(क) की परिभाषा?

अगर कोई विवाहित स्त्री शादी के सात साल के भीतर पति या पति के नातेदार से प्रताडित होकर या उत्प्रेरणा के कारण आत्महत्या कर लेती है या आत्महत्या की कोशिश करती है तब न्यायालय का उक्त धारा के अंतर्गत यह उपधारणा (अनुमान) करना ठोस साक्ष्य होगा की स्त्री द्वारा किया गया कृत्य पति या पति के नातेदार के दुष्प्रेरण(उकसाहट) द्वारा किया गया था।

### 90 करोड़ रूपये की लागत के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमि-पूजन

# मध्यप्रदेश में बहनें आत्म-निर्भर हो रही हैं, परिवार और समाज में बढ़ रहा उनका सम्मान : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है मध्यप्रदेश में एक सामाजिक क्रांति हो रही है, जिसमें बहनें आत्म-निर्भर हो रही हैं और उनका परिवार और समाज में सम्मान बढ़ रहा है। आजीविका मिशन में जहाँ स्व-सहायता समूह के रूप में संगठित महिलाओं को विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के लिए सरकार सहायता दे रही है वहीं लाड़ली बहना जैसी योजना से उन्हें आगामी 10 जून से प्रतिमाह 1000 रूपये की राशि दी जाएगी। लाड़ली लक्ष्मी योजना में अभी तक प्रदेश की 44 लाख 90 हजार बेटियों को लखपति बनाया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज देवास जिले के सोनकच्छ में लाड़ली बहना सम्मेलन-सह-मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना वितरण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने लगभग 90 करोड़ रूपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि-पूजन किया। साथ ही मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के अधिकार पत्र और अन्य योजनाओं का लाभ वितरित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में बेटियों के साथ अन्याय समाप्त कर उन्हें वरदान बनाया गया है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में सरकार हर गरीब कन्या का विवाह करवाती है। मुख्यमंत्री ने इस योजना में अभी तक दी जाने वाली राशि 49 हजार को बढ़ा कर 51 हजार किये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना केवल योजना नहीं भाई-बहन का पवित्र रिश्ता है।स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण, पुलिस और शिक्षकों की भर्ती में आरक्षण, सम्पत्ति की रजिस्ट्री में स्टॉम्प शुल्क में छूट जैसी योजनाओं ने बहनों को सशक्त बनाया है। हमारा प्रयास है कि हर बहन की आमदनी कम से कम 10 हजार रूपये महीना हो। बहनों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाना मेरी जिंदगी का मकसद है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में कन्या को मिलेंगे 51 हजार रूपये

### मुख्यमंत्री श्री चौहान देवास जिले के सोनकच्छ में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए



- अब गाँव में ही आवेदन लेकर होंगे जनता के काम
- कोई भी गरीब बिना जमीन के नहीं रहेगा
- देवास जिले के हर गाँव में पहुँचेगा नर्मदा का जल

### मध्यप्रदेश में हर क्षेत्र में बहनों को सशक्त बनाया जा रहा

देवास जिले में 2 लाख 80 हजार बहनों के फार्म लाड़ली बहना योजना में भरे गये है। बहनों संबंधी योजनाओं की मॉनीटरिंग के लिये हर गाँव एवं वार्ड में लाड़ली बहना सेना बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में गाँव-गाँव, वार्ड-वार्ड में शिविर लगाये जा रहे हैं, जिनमें जाकर संबंधित अधिकारी और जन-प्रतिनिधि जनता के कार्य कर रहे हैं। अब किसी को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिये इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। उनके गाँव, वार्ड के शिविर में ही उनके कार्य हो जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत एक अप्रैल से प्रदेश में सभी शराब के अहाते बंद कर दिये गये है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि अवैध शराब की बिक्री को सख्ती से रोका जाये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने संकल्प लिया है कि प्रदेश में कोई भी गरीब बिना जमीन के नहीं रहेगा। हर गरीब को आवासीय भूमि के पट्टे दिये जायेंगे और धीरे-धीरे सरकार उन पर मकान भी बनवायेगी। देवास जिले में आज 1100 हितग्राहियों को भूमि के पट्टे बाँटे जा रहे हैं।

# नरेला विधानसभा में नागरिक सुविधाओं में निरंतर हो रहा विस्तार: मंत्री श्री सारंग

- चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग ने नरेला विधानसभा के वार्ड 69 में विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन

**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरूवार को नरेला विधानसभा के वार्ड 69 अंतर्गत इक़बाल कॉलोनी ए सेक्टर की सभी डामर सड़कों के नवीनीकरण कार्य का भूमि-पूजन किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में विकास की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। जन-सुविधा के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। वार्ड 69 में सड़कों के नवीनीकरण के बाद क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। कार्यक्रम में रहवासियों ने मंत्री श्री सारंग का विकास कार्यों की सौगात के लिये आभार माना और रोड शो भी निकाला।




### सड़क निर्माण कार्य से इनको होगा लाभ

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि ओल्ड अशोका गार्डन ए सेक्टर में लगभग 2 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से विभिन्न मार्गो का डामरीकरण कार्य किया जायेगा। इससे अशोका गार्डन, अशोक विहार, बैंक कॉलोनी समेत आसपास के इलाकों के हजारों रहवासियों को आवागमन में सुविधा होगी।

### रहवासियों ने रोड शो कर जताया आभार

वार्ड 69 में विकास कार्यों के भूमि-पूजन पर मंत्री श्री सारंग का रहवासियों ने आभार व्यक्त करते हुए रोड शो निकाला। रोड शो बाबा चौराहे से जैन मंदिर होते हुए इक़बाल कॉलोनी मुख्य कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुआ, जिसमें समस्त रहवासियों ने मंत्री श्री सारंग का स्वागत और अभिनंदन किया।

### नरेला विधानसभा में नागरिक सुविधाओं में निरंतर हो रहा विस्तार

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल और अन्य क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। वर्ष 2008 के पहले पेयजल की समस्या हो या ड्रेनेज के अभाव से क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति हो, इसके निराकरण के लिये हर घर नर्मदा जल और संपूर्ण क्षेत्र में नाले-नालियों का निर्माण कर आदर्श ड्रेनेज सिस्टम की स्थापना की गई है। नरेला विधानसभा में करोड़ों की लागत से पक्की सड़क का निर्माण, बिजली, हर घर नर्मदा जल जैसी मूलभूत सुविधाओं सहित हर वार्ड में संजीवनी क्लीनिक,फ्लाइओवर की श्रृंखला के साथ ही विभिन्न विकास कार्यों से नागरिक सुविधाओं में निरंतर विस्तार किया जा रहा है।

# सोलर रूफटाप लगाएँ और सब्सिडी का लाभ उठाएँ

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन एवं उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने घर, ग्रुप हाउसिंग सोसायटी की छत, लगी हुई खुली जगह पर सोलर पैनल लगायें और बिजली पर होने वाले खर्च को बचायें। कंपनी ने बताया है कि एक बार सोलर ऊर्जा पैनल लगाने से लगभग 25 साल तक निरंतर बिजली मिलती रहेगी। सोलर से उत्पादित बिजली के मूल्य को देखते हुए सोलर पैनल लगाने पर हुए व्यय का भुगतान अगले 3-4 वर्ष में बराबर हो जाएगा। इसके बाद अगले 20 वर्ष तक सोलर से बिजली का लाभ सतत् मिलता रहेगा। कंपनी ने कहा कि सोलर पैनल लगाने से एक ओर जहाँ कार्बन फुटप्रिंट कम होगा वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा। एक किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा पैनल के लिए लगभग 100 स्क्वायर फुट जगह की जरूरत होती है। भारत सरकार द्वारा आमजन/उपभोक्ताओं को 3 कि.वा. तक के सोलर प्लांट पर 40 प्रतिशत सब्सिडी और 3 कि.वा. के बाद 10 कि.वा. तक 20 प्रतिशत सब्सिडी एवं ग्रुप हाउसिंग सोसायटी को कॉमन सुविधा वाले संयोजन पर 500 कि.वा. तक (10 कि.वा. प्रति घर) 20 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है। उपभोक्ता द्वारा संदेश एप से सरलीकृत प्रक्रिया से केन्द्र सरकार के नेशनल पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन के बाद कंपनी के अधिकृत वेंडर्स से सोलर पैनल लगाने का कार्य कराया जा सकता है।

## ऑडियो गाइड की मदद से जानें संग्रहालयों का गौरवशाली इतिहास



**भोपाल।** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के 7 संग्रहालय में क्यूआर कोड बेस्ड ऑडियो गाइड की शुरुआत की गई है। गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने ऑनलाइन माध्यम से इंदौर के लाल बाग पैलेस में क्यूआर बेस्ड ऑडियो गाइड्स की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इतिहास से तकनीक को जोड़ते हुए पर्यटन विभाग की यह नई पहल है। यह नवाचार भावी युवा पीढ़ी को मध्यप्रदेश के समृद्ध इतिहास से रोचक तरीके से परिचय कराएगा। यह ऑडियो गाइड निःशुल्क है।



## तू रब है रहनुमा है मेरी पहचान है तू

हां मेरी मां! मेरी जान हैं तू
मेरी आन, मेरी शान, मेरा सम्मान है तू
मेरे दिल की धड़कन, मेरा हर इम्तिहान है तू

तेरी जन्नत सी इस गोद में है बचपन मेरा
तेरी मीठी सी डांट में है लड़कपन मेरा

बड़ी कठिनाइयों से मेरी मां ने पाला है मुझे
ठोकरें जब भी लगी मां ने संभाला है मुझे
खुद रही भुखी फिर भी दिया निवाला है मुझे
अंधेरों में चलकर भी दिया है उजाला मुझे

मेरी खातिर तो सहे हैं कई गम तूने
आंसुओं से धोए हैं हर सितम तूने

मैं कहीं भी रहूं हर सांस यही कहती है
मेरे सर पे हमेशा मेरी मां की दुआ रहती हैं।

मां तेरे कदमों में मेरी जान भी कुर्बान है
तू रब है, तू खुदा है तू ही मेरी पहचान है

हां मेरी मां मेरी जान हैं तू ,
मेरी आन वान शान हैं तू।

**लेखक- संजेश गोलिया**

# छात्रावासों एवं आश्रमों में कार्यरत अंशकालीन सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री के नाम संबोधित कलेक्टर सागर को सौपा ज्ञापन

**कैलाश कुमार - सह संपादक(युवाप्रदेश)**

सागर। म.प्र. शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत छात्रावासों में विगत 25 से 30 वर्षो से सफाई का कार्य कर रहे कर्मचारी जिनका मासिक वेतन 2500/- रूपया है। जो वर्ष में 10 माह दिया जाता है एवं मई-जून का वेतन नहीं दिया जाता है। इतने कम वेतन में एवं मंहगाई के दौर में इन कर्मचारियों के परिवार का भरण पोषण नहीं हो पाता जिसके कारण पूरे परिवार को भूखे मरने की समस्या से जूझना पड़ता है कई बार संगठन द्वारा इन कर्मचारियों की समस्या के संबंध में मांग की गई परन्तु शासन द्वारा इन अनुसूचित जाति वर्ग के कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। देश को आजाद हुए लगभग 75 वर्ष होने के बाद भी इन कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति दयनीय है। माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी आपके द्वारा सफाई



स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परन्तु देश को स्वच्छ रखने वाले सफाई कर्मचारियों पर कभी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे इन कर्मचारियों के प्रति संगठन को असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन में मांग की गई कि आदिम जाति कल्याण विभाग व शिक्षा विभाग के छात्रावासों में अंशकालीन सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालीन कलेक्टर दर का वेतन दिया जावे। एवं दस वर्ष पूर्ण कर चुके सफाई कर्मियों को अन्य पद जैसे रसोईया, वाटरमेन, चौकीदार के पद पर नियमित किया जावे एवं साप्ताहिक अवकाश दिया जावे। 12 माह का वेतन दिया जावे एवं सामूहिक जीवन बीमा का लाभ दिया जाए। ज्ञापन सौपने वालों में गजेन्द्र बोहत जिलाध्यक्ष अजाक्स, समीष अहिरवार, एम.एल. चौधरी, अनिल सोनकर, सुरेश रैदास, प्रदीप अहिरवार, विजय चौधरी, यकरन घारू, मोहित मैना, लक्ष्मीनारायण करोसिया, विशाल बाल्मीकि, विजय कछवाहा, मनीष बाल्मीकि, नरेश बाल्मीकि, श्रीमति कृष्णाबाई, श्रीमति नीता पथरोले, अमित जैसीनगर, राजू देवरी, मुकेश बोहत, सचिन करोसिया, कपिल, लखन बाबूपुरा, श्रीमति विजयारानी गौरझामर, मुकेश आवासीय, नितिन बण्डा, नवीन रहली, नरेन्द्र, श्रीमति जमुनाबाई बडतूमा, श्रीमति द्रोपति, प्रकाश, धमेन्द्र, श्रीमति कमलाबाई एवं अनेक अजाक्स के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में 7.82 करोड़ यूनिट बिजली की सप्लाई की गई

**भोपाल।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर, सागर, रीवा एवं शहडोल संभाग में इन दिनों लगातार तापमान बढ़ रहा है। भीषण गर्मी में भी बिजली कर्मचारी लोहे के खंभे पर चढ़ कर 30 से 35 फीट ऊँचाई पर चिलचिलाती धूप में कार्य कर रहे हैं, जिससे आम बिजली उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली की आपूर्ति की जा सके। पिछले 24 घंटों में बिजली कंपनी ने लगभग 7.82 करोड़ यूनिट बिजली



की आपूर्ति की है। कंपनी द्वारा एक से 17 मई तक 112.83 करोड़ यूनिट बिजली की आपूर्ति की जा चुकी है। गत वर्ष इसी अवधि में 142.98 करोड़ यूनिट बिजली की आपूर्ति की गई थी। इस वर्ष मई में जबलपुर रीजन में 43.05 करोड़ यूनिट, सागर रीजन में 30.94 करोड़, रीवा रीजन में 32.41 एवं शहडोल रीजन में 6.63 करोड़ यूनिट बिजली की सप्लाई की जा चुकी है।

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्रीधर शर्मा की अगुवाई में किया गया भव्य स्वागत

**कैलाश कुमार - सह संपादक(युवाप्रदेश)**

**अनूपपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शनिवार को अनूपपुर जिले का दौरा किया। इस अवसर पर अनूपपुर स्थित सर्किट हाउस में अमरकंटक निवासी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्रीधर शर्मा की अगुवाई में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया, इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने पत्रकारों एवं कांग्रेसजनों से चर्चा की,एवं आगामी विधानसभा चुनाव के संबध में जानकारी ली तथा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने की बात कही। वहीं कांग्रेसजनों से एकजुट होकर पार्टी के नीति और कार्यक्रम के अनुसार काम करके पार्टी को आगे बढ़ाने के बारे में कहा। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्रीधर शर्मा कार्यकर्ताओ से आह्वान किया की राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार की नीतियों का कार्यकर्ता डटकर मुकाबला करें,साथ ही कहा की कांग्रेस सदैव जनहित गरीबजनों के लिए तत्पर रही है। हम सभी कांग्रेसी जनता के बीच रहकर कार्य करेंगे और जिले की तीनो विधानसभा सीट में कांग्रेस का परचम लहरायेंगे। तीनों विधानसभा क्षेत्रों से पधारे हुए कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।



**नव-विवाहित 111 जोड़ों को दिया आशीर्वाद**

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना निर्धन परिवारों के लिये वरदानःकृषि मंत्री श्री पटेल

**भोपाल।** किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा है कि निर्धन परिवारों के लिये मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना वरदान है। मंत्री श्री पटेल ने हरदा जिले के ग्राम गोंदागाँव में सामूहिक विवाह समारोह में 111 नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। क्षेत्रीय सांसद श्री दुर्गादास उइके, टिमरनी विधायक श्री संजय शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गजेन्द्र शाह, उपाध्यक्ष श्री दर्शन सिंह गहलोत, श्री अमर सिंह मीणा, अन्य जन-प्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि संवेदनशील मुख्यमंत्री द्वारा संचालित योजना से निर्धन परिवारों की बेटियों का विवाह भी धूमधाम से उत्साहपूर्वक होता है। योजना से लाभान्वित परिवारों को अब बेटियों के विवाह के लिये कर्ज लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी को संबल प्रदान करने के लिये कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है।



**पर्यावरण-संरक्षण की दिलाई शपथ**

मंत्री श्री पटेल ने सामूहिक विवाह समारोह में शामिल सभी नव-दम्पत्तियों को पर्यावरण-संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को भी शपथ दिलाई कि वे भी पर्यावरण-संरक्षण के लिये अधिक से अधिक पौधे लगायेंगे।

**विकासखण्ड स्तरीय आयुष शिविर का किया शुभारंभ:** मंत्री श्री पटेल ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह स्थल पर विकासखण्ड स्तरीय आयुष शिविर का शुभारंभ भी किया। शिविर में लोगों का आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से निःशुल्क उपचार किया गया। नव-विवाहित दम्पत्तियों को औषधीय पौधों का भी वितरण किया गया।

**ग्राम कोलीपुरा में वैज्ञानिक परिचर्चा में हुए शामिल:** कृषि मंत्री श्री पटेल गुरूवार को कृषि विज्ञान केन्द्र हरदा एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कोलीपुरा में हुई वसुमता क्लस्टर केम्प-2-सह-कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा में शामिल हुए। उन्होंने किसानों को पर्यावरण सुरक्षा के साथ ही प्राकृतिक खेती के लिये शपथ दिलाई। मंत्री श्री पटेल ने किसानों को शासन द्वारा संचालित की जा रही योजना की जानकारी भी दी।

**मांगलिक भवन का किया भूमि-पूजन**

मंत्री श्री पटेल ने जिले के ग्राम चारुवा में विश्वकर्मा समाज के मांगलिक भवन निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया।

## रेलवे इंटक ने दिग्विजय सिंह से भेंटकर पुरानी पेंशन स्कीम की मांग की

**कैलाश कुमार - सह संपादक(युवाप्रदेश)**

अनूपपुर। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 13 मई 2823 को अनूपपुर आगमन पर विभिन्न प्रकोष्ठ एवं इंटक के सभी श्रम संगठनों से भेंट कर संगठन की स्थिति पुरानी पेंशन स्कीम बहाली सहित , वर्तमान समय में रेलवे एवं कोयला कामगारों की समस्याओं पर चर्चा की इस अवसर पर रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के संयुक्त महामंत्री एवं सी आई सी प्रभारी लक्ष्मण राव ने भी रेल कर्मचारियों के समस्याओं को बताया श्री राव ने पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली को भारत के कामगारों की सबसे बड़ी मांग बताते हुए इसे लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग।



# आयुष मंत्री श्री कावरे नई दिल्ली में राष्ट्रीय आयुष मिशन सम्मेलन में शामिल हुए

भोपाल। आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रामकिशोर कावरे गुरूवार को नई दिल्ली में विज्ञान भवन में राष्ट्रीय आयुष मिशन सम्मेलन में शामिल हुए। 18 और 19 मई को चलने वाले दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय आयुष मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने किया। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश, असम और नागालैंड के आयुष मंत्रियों सहित विभिन्न राज्यों के आयुष विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सम्मेलन में राष्ट्रीय आयुष मिशन से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आयुष दवाओं की बेहतर आपूर्ति, आयुष स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों का उन्नयन, आयुष क्षेत्र में अनुसंधान और क्षमता निर्माण इत्यादि पर विचार-विमर्श किया जा रहा है, जिससे शासन और हितधारकों के बीच बेहतर तालमेल का मार्ग प्रशस्त हो सके।



### थाना खुजनेर पुलिस को मिली सफलता

# साउंड सिस्टम की दुकान में चोरी करने वाले शातिर चोर गिरफ्तार

### चोरी गया कुल 5,50,000 रुपयो का सामान जप्त



**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़। संपत्ति संबंधी अपराधियों की धरपकड़ हेतु पुलिस अधीक्षक राजगढ़ श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (IPS) द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान थाना खुजनेर पुलिस टीम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद एवं एसडीओपी ब्यावरा श्री दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खुजनेर उप निरीक्षक आदित्य सोनी के नेतृत्व में थाना खुजनेर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 17.05.2023 को मुखबिर की सूचना कार्रवाई करते हुए चोरी गया साउंड सिस्टम उपकरण के कुल 5,50,000 का मशरूका जप्त किया है । दिनांक 17.04.2023 को खुजनेर निवासी दुर्गा माहेश्वरी ने थाना खुजनेर आकर रिपोर्ट किया कि उसकी साउंड सिस्टम की दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी की है जिसमें डीजे ऑपरेट करने वाला साउंड मिक्सर, स्टेबलाइजर, एलईडी, कैमरा मास पेट, स्ट्रेंजर तथा अन्य उपकरण कीमती 5,50,000 के चोरी हुए हैं जिस पर से थाना खुजनेर में अपराध क्रमांक 90/ 23 धारा 457, 380 भा द वि कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत कर आरोपियों को धर दबोचा तथा उनसे घटना में चोरी किया गया संपूर्ण सामान बरामद किया गया है। उपरोक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी खुजनेर उप निरीक्षक आदित्य सोनी, ए एस आई अरुण जाट, प्रधान आरक्षक बिहारी, आरक्षक दिगपाल, आरक्षक शिवसिंह एएसआई, आरक्षक दिनेश , सैनिक गजराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।






# बोडा के कृष्णा हॉस्पिटल को सीबीएमओ डॉक्टर राजेंद्र अहिरवार ने किया सील

**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़। सीएमएचओ कार्यालय से प्राप्त आदेश अनुसार बोडा के कृष्णा हॉस्पिटल की समय अवधि समाप्त होने पर नरसिंहगढ़ सीबीएमओ डॉक्टर राजेंद्र कुमार अहिरवार के द्वारा औचक निरीक्षण कर तत्काल सीलबंद कार्रवाई की गई नरसिंहगढ़ ब्लाक के सभी पैथोलॉजी लैब एवं क्लीनिको का औचक निरीक्षण कर जांच उपरांत अवैध पाए जाने पर तत्काल सील किया जाएगा डॉ अहिरवार ने बताया कि आगामी कार्रवाई बहुत जल्द शुरू की जाएगी झोलाछाप डॉक्टर और अवैध पैथोलॉजी लैब को तत्काल सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

# 500 से अधिक छात्राओं ने देखी द केरला स्टोरी



**रोहित तिवारी**

शहडोल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सभी छात्राओं को फ्री में द केरला स्टोरी के स्क्वायर शहडोल में दिखाई गई। संगठन द्वारा समाज की बेटियों को जागृत करने की एक अच्छी पहल हैं व छात्राओं के मन में काफी उत्साह था समाज के सभी बेटियों को एक अच्छी दिशा एवं अपने समाज के प्रति जागरूकता का वातावरण हो। छात्राओं ने उत्साह पूर्वक 'द केरला स्टोरी' मूवी देखी व उनके मन में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ।



# पुलिस ने किया बड़ा खुलासाः न्यू पायल ज्वैलर्स शहडोल में हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश

## राजस्थान की महिला गैंग ने की थी वारदात 04 महिला आरोपी पुलिस की हिरासत में

**रोहित तिवारी**

शहडोल। दिनांक 12.04.2023 को शहडोल शहर के बीचो-बीच दिन दहाड़े बुढार चौराहा स्थित न्यू पायल ज्वैलर्स में अज्ञात महिलाओ द्वारा गिरोहबद्ध होकर सुनियोजित तरीके से कारित की गई चोरी की घटना का शहडोल पुलिस ने सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप खुलासा कर दिया है। अज्ञात महिला आरोपियों की पतारसी और चोरी गये मशरूका की बरामदगी करना पुलिस के लिये एक बड़ी चुनौती का विषय था जिसमे शहडोल पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

### घटनाक्रम-

न्यू पायल ज्वेलर्स के मालिक सतीश सराफ द्वारा दिनांक 12.04.2023 को रात्रि में थाना कोतवाली शहडोल सूचना दी गई कि उनकी दुकान के सीसीटीवी फुटेज चेक किये जाने पर आज दोपहर मे 3.40 बजे से 3.50 बजे के बीच 5 अज्ञात महिलाओ के द्वारा सोना चांदी खरीदने के बहाने से उनकी दुकान में चोरी की वारदात की गई है। प्राप्त सूचना पर तत्काल ही पुलिस टीम वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के बारे में अवगत कराया जाकर घटना स्थल का मौका मुआयना किया गया एवं आवेदक की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 343/23 धारा 380,120 बी भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई ।

### घटना की पतारसी-

श्री कुमार प्रतीक, पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा घटना संज्ञान में आते ही घटना स्थल का स्वयं निरीक्षण किया जाकर दिशा निर्देश प्रसारित किये गये। घटना स्थल पर फारेंसिंक टीम, सायबर सेल अंगुल चिन्ह एवं डॉग स्क्वाड के विशेष दस्तो को




रवाना किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री मुकेश कुमार वैश्य के पर्यवेक्षण में विशेष अनुसंधान दल (एस.आई .टी.) का गठन किया गया। आरोपियो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विवेचना टीम, सी.सी.टी.व्ही. फुटेज अवलोकन हेतु टीम, साइबर सेल की टीम, दबिश टीम जैसी पृथक-पृथक टीमें गठित की गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, शहडोल जोन श्री डी.सी.सागर द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुध्द 30,000/-रुपये का ईनाम उद्घोषित किया गया। घटना में प्राप्त अज्ञात संदिग्ध महिलाओ के वीडियो फुटेज को सोशल मीडिया के माध्यम से समीपवर्ती जिलो में एवं संदिग्ध महिलाओ के हुलिए एवं बोलचाल की भाषा ज संभावित जिलो की पुलिस टीमो मे शेयर किये जाकर जानकारी प्राप्त करने का भी प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध महिलाओ के फोटोग्राफस प्राप्त कर समीपवर्ती जिलो के बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन एवं रूकने के स्थानो पर पोस्टर्स का प्रकाशन किया जाकर उन पोस्टर्स को जगह जगह चस्पा किया जाकर आम जन सामान्य को भी सचेत किया गया था। पुलिस ने इस दौरान पाली, उमरिया, नारौजाबाद, कटनी, पन्ना, सागर, बीना, टीकमगढ़, होशंगाबाद, इटारसी, जबलपुर, सीधी, रीवा, अनूपपुर, कोतमा, मनेन्द्रगढ़, पेन्ड्रा, वेंकटनगर, छतरपुर, डिण्डौरी आदि जिलो में संभावित प्रजाति के डेरो पर दबिश भी दी गई एवं उन जिलो के पुलिस अधिकारियो से मिलकर इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले पूर्व अपराधियो एवं संदेहियो के अपराधिक रिकार्ड प्राप्त किये गये।पुलिस टीम द्वारा इस घटना की पतारसी में संदिग्ध महिलाओं की जानकारी हेतु लगभग 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरो के वीडियो फुटेज बारीकी से चेक किये जाने पर पाया गया कि संदिग्ध महिलाएं घटना के उपरांत एक ऑटो रिक्शा में बैठकर जयस्तम्भ के पास बस स्टैण्ड पर पहुंची थी जहां से उनका कटनी की तरफ जाना बताया गया था। इसी आधार पर शहडोल से कटनी तक के सभी संभावित सीसीटीव फुटेज को चेक किया गया और मार्ग में जाने वाले लोक परिवहन के संसाधनो को भी चेक किया गया। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर संदिग्ध महिलाओं के हुलिया जैसी महिलाओ का सी.सी.टी.व्ही. फुटेज रेलवे स्टेशन, कटनी मे देखा गया। सीसीटीवी फुटजे एवं सायबर सेल से प्राप्त विस्तृत विश्लेषण का तकनीकी अनुसंधान किये जाने पर संदिग्ध महिलाओं का कोटा से शहडोल आकर इस वारदात को दिन दहाडे अंजाम देना पाया गया जिनकी पतारसी हेतु पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा तत्काल ही अन्तप्रार्न्तीय समन्वय स्थापित कर स्वयं के विशेष मार्ग दर्शन मे पुलिस थाना काते वाली की टीम को राजस्थान के झालावाड़ एवं कोटा रवाना किया गया जहां पुलिस टीम द्वारा सफलता प्राप्त करते हुए संदिग्ध महिला आरोपियो को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की गई । प्रकरण की पतारसी के लिए गठित की गई टीमें-

प्रकरण मे आरोपियो की पतारसी के लिए पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक द्वारा निम्न टीमे गठित की गई थी -

1. अनुसंधान टीम
2. सी.सी.टी.व्ही. फुटेज अवलोकन टीम
3. सायबर टीम
4. स्थानीय दबिश टीम
5. अन्य जिलो ने दबिश टीम

### गिरफतार आरोपी-

1.अंजली बागडी पति पिंकेश बागडी उम्र 20 वर्ष निवासी पथराना थाना परमार जिला झालावाड राजस्थान, 2.लीलाबाई मोगिया पति हेमराज मोगिया उम्र 45 वर्ष निवासी गोदलेहडी थाना कैथून हाल बडाबस्ती आनंतपुरा जिला कोटा राजस्थान, 3.सावित्री मोगिया पति मिथुन मोगिया उम्र 25 वर्ष निवासी चारचोमा थाना देवली जिला कोटा राजस्थान, 4.रोशन बाई पति रामचरण मोगिया उम्र 45 वर्ष निवासी गोदलेहडी थाना कैथनू जिला कोटा राजस्थान प्रकरण में दो अन्य महिला आरोपी फरार है जिनकी गिरफतारी शीघ्र की जावेगी।

### बरामद मशरूकाः-

प्रकरण की विवेचना के दौरान चोरी गये सोने के सामान में से महिला आरोपियो से सोना ज्वैलरी कीमती करीब 7,00,000/ (सात लाख रुपये) मूल्य का जप्त किया गया है।

**सराहनीय भूमिकाः-** आरोपियो को गिरफ्तारी एवं चोरी गये मशरूका की बरामदगी करने में नगर पुलिस अधीक्षक श्री राघवेन्द्र द्विवेदी, निरी. योगेन्द्र सिंह परिहार, उप निरी. आनंद झारिया, सुभाष दुबे, बृजेन्द्र मार्को, आशीष झारिया, उपेन्द्र त्रिपाठी, सउनि राकेश सिंह बागरी, रजनीश तिवारी, रामराज पाण्डेय, सुरेश कुमार अहिरवार, कन्हैया लाल, प्र.आर. निखिल श्रीवास्तव, महेन्द्र पाल शुक्ला, दिनेश केवट, म.प्र.आर. सोनी नामदेव, आर. मायाराम अहिरवार।

# शव वाहन सही समय पर उपलब्ध न कराने की जांच हेतु कॉंग्रेस ने सौपा ज्ञापन


### मामले की सूक्ष्मता से जांच करवाते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए- सुभाष

**रोहित तिवारी**

शहडोल। जिला कॉंग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने शहडोल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि, 12 मई 2023 को शहडोल जिले के बुढार विकासखंड के ग्राम कोटा निवासी लक्ष्मण सिंह गोंड़ अपनी 13 वर्षीय पुत्री माधुरी गोड़ को जिला अस्पताल मे इलाज हेतु भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। मृत्यु उपरांत पिता एवं परिजनों ने शव को गृह ग्राम तक ले जाने के लिए शव वाहन की व्यवस्था हेतु अस्पताल प्रबंधन से मिन्नतें की, लेकिन उन्हे सहायता नहीं मिली। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण परिजन निजी शव वाहन का खर्च नहीं उठा सकते थे,अतः दोपहिया वाहन से शव को अपने गृह ग्राम ले जाने के लिए




विवश हुए। जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य शहडोल जिले मे आये दिन मानवता को शर्मसार करने वाली इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं, अतः शर्मनाक घटना की जांच के लिए टीम गठित की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। श्री सुभाष गुप्ता ने कहा कि अगर शीघ्र कोई सख्त कार्रवाई नही की गई तो जिला कांग्रेस प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी।



जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल (म.प्र.)

सुभाष गुप्ता
अध्यक्ष

दिनांक 17/5/2023

प्रति,
श्रीमान् कलेक्टर महोदया,
जिला शहडोल (म0प्र0)

विषय :- मामले की सूक्ष्मता से जांच करवाते हुए, दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने के संबंध में।

महोदया,

दिनांक 12 मई 2023 को शहडोल जिले के बुढार विकासखण्ड के ग्राम कोटा निवासी लक्ष्मण सिंह गोड़ ने अपनी 13 वर्षीय पुत्री माधुरी गोड़ को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था। माधुरी सिकल सेल बीमारी से ग्रसित थी। उक्त बालिका का दो दिन उपचार चलने के उपरान्त मृत्यु हो गई थी। मृत्यु हो जाने के बाद पिता एवं परिजनों ने शव को अपने गृहग्राम तक ले जाने के लिए शव वाहन की व्यवस्था हेतु अस्पताल प्रबंधन से मिन्नते की, लेकिन उन्हें सहायता नहीं मिली।

आर्थिक स्थिति ठीक न होने के वजह से उसके परिजन निजी शव वाहन का खर्चा नही उठा सकते थे, इसलिए उन्होने दोपहिया वाहन पर ही शव को लेकर अपने गांव ले जाया गया।

महोदय, आदिवासी बाहुल्य शहडोल जिले में आये दिन इस तरह की घटना सामने आती रहती है, परन्तु अभी तक इस समस्या से निजात नहीं मिल सकी है। परिणाम स्वरूप इस तरह की घटना मानवता को शर्मशार करती है।

अतः आपसे निवेदन है कि उक्त मामले की टीम गठित कर, सूक्ष्मता से जांच करवाते हुए, दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने की कृपा करें। ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

(सुभाष गुप्ता)
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी
शहडोल (म0प्र0)

उक्त जानकारी जिला कॉंग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने दी। ज्ञापन सौंपते वक्त जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अजय अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, ओंकार गुप्ता, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सिराज खान, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला उपस्थित रहे।

**आवश्यकता**

**युवा प्रदेश नेटवर्क**

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

### अवैध निर्माण हटाने गए नपा कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की का मामला

# नपा कर्मचारियों ने विधायक सहित वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**रोहित तिवारी**

शहडोल। कार्रवाई के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने, कर्मचारियों के साथ अभद्रता व धक्का मुक्की का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नगर पालिका कर्मचारियों ने मंगलवार को विरोध दर्ज कराते हुए विधायक, एडीजीपी, एसपी सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि बुढ़ार चौक से न्यू बस स्टैण्ड के बीच अवैध निर्माण की शिकायत पर वरिष्ठ अधिकारियों से कार्रवाई के निर्देश मिलने पर नगर पालिका की टीम मौके पर कार्रवाई करने पहुंची थी। जहां निर्माण कर्ताओं द्वारा टीम के साथ न केवल अभद्रता की गई बल्कि उनके साथ धक्का मुक्की करते हुए झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई है। निर्माण कर्ताओं के इस कृत्य से नगर पालिका कर्मचारी आहत है और उनमें भय व्याप्त है। नगर पालिका कर्मचारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि अवैध निर्माण की शिकायत पर वह कार्रवाई करने जाते हैं। ऐसे में






उनके साथ घटित इस घटना के बाद सभी डरे हुए हैं। उन्हे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई है। ज्ञापन के माध्यम से नगर पालिका कर्मचारियों ने मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। 24 घंटे के अंदर संबंधितों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो नगर पालिका की सभी सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। ज्ञापन सौंपते समय मयंक मिश्रा, धनंजय सिंह, अतीश, शरद गौतम, रामजी, दुर्गेश गुप्ता, विजय, श्रवण,कमलेश सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा हेतु केंद्राध्यक्ष नियुक्त

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

**शहडोल।** कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने संशोधित आदेश जारी कर पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा हेतु केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया है। संशोधित आदेश में परीक्षा केंद्र शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल रीवा रोड जय स्तंभ चौक सोहागपुर हेतु केंद्राध्यक्ष श्री केएम शुक्ला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल जय स्तंभ चौक सोहागपुर हेतु श्री आर सी गुप्ता वरिष्ठ व्याख्याता, पंडित शंभूनाथ शुक्ला यूनिवर्सिटी केंपस कोतवाली के पास हेतु डॉक्टर करुणेश झा प्रोफेसर को नियुक्त किया गया है।




## अजाक्स जिला इकाई सतना द्वारा दिनांक 14/5/2023 को दिया गया माननीय, मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन






**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति/ जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) जिला इकाई सतना द्वारा माननीय, मुख्यमंत्री महोदय, के नाम संबोधित ज्ञापन पत्र दिया गया। माननीय, कलेक्टर महोदय, के प्रतिनिधि के रूप में ज्ञापन लेने के लिए तहसीलदार बी.के. मिश्रा उपस्थित रहे।ज्ञापन का वाचन माननीय,रामकलेश साकेत अजाक्स अध्यक्ष द्वारा किया गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से अजाक्स के जिला अध्यक्ष आदरणीय, रामकलेश साकेत, जिला कोषाध्यक्ष जवाहरलाल साकेत,जिला सचिव एस. के. अरिहा, जिला महासचिव श्रीमती रेखा साकेत,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती गीता कोल, अजाक्स संयुक्त सचिव श्रीमती सुषमा कोल, प्रोफेसर एन. के. भगत,डिगरी कालेज सतना, ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति रामपुर बाघेलान, ब्लाक अध्यक्ष अमरपाटन राजकुमार साकेत,जिला सचिव दिनेश प्रजापति, सनत प्रजापति जी, अजाक्स के जिला सचिव,अमृतलाल साकेत, रामपुर बाघेलान, सुखलाल प्रजापति शिक्षक,श्री राजकुमार चौधरी, श्रीमती माया अहिरवार, शिवमोहन अहिरवार नाजी महासचिव, मिथिलेश चौधरी, नागेंद्र अहिरवार, शक्ति रैदास नाजी सचिव, इत्यादि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



*ग्राम पंचायत चोकावाड़ा के मुख्य सड़क मार्ग का निर्माण कार्य से ध्यान हटाने के लिए चोकावाड़ा के ही सरपंच और उपसरपंच को विधायक रेखचंद जैन कर रहे हैं एक एक लाख की आर्थिक मदद*

# बस्तर विकास के लिए nmdc के फंड से दिये गये राशि का विधायक कर रहे हैं दुरूपयोग

**लक्ष्मण पिल्लई**

जगदलपुर। जिला मुख्यालय जगदलपुर से 18 किलोमीटर की दूरी पर नगरनार स्टील प्लांट प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत चोकावाड़ा आश्रित ग्राम के मुख्य सड़क मार्ग जो कि अन्य ग्रामो को भी जोड़ता है। जिसके निर्माण हेतु आज से डेढ़ वर्ष पूर्व विधायक जगदलपुर रेखचंद जैन ने सड़क निर्माण के लिए बड़े ही जोर शोर से भूमि पूजन वह शिलान्यास किया था। किंतु आज पर्यंत तक सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों में खासी नाराजगी देखी जा सकती है। ज्ञात हो कि विधायक के द्वारा मेला मंडयी के नाम से ग्राम पंचायत चोकावाड़ा के सरपंच व उपसरपंच को एक एक लाख का चेक प्रदान किया गया है। जबकि मेला मंडयी खत्म हुये दो महीना बीत चुके हैं। विधायक के इस निराशाजनक रवैए से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। मात्र आश्वासन देकर विकास के दावे किए जा रहे हैं। जगदलपुर विधानसभा के आने वाले ग्रामों में भी स्थिति जस की तस बनी हुई है विधायक से बात करने पर पैसों की कमी का हवाला दिया जाता है ,जबकि जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार विकास में कोई कमी नहीं होने देने के लिए प्रतिबद्ध है। किंतु ग्रामों का विकास के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा सरकार के पास राशि की कमी बताना ग्रामीणों को छलने जैसा व्यवहार साबित हो रहा है। 2 महीने बाद बारिश शुरू हो जाएगी और 6 महीने बाद चुनाव का समय आ गया है किंतु ग्रामीण मूलभूत समस्याओं से रोज दो-चार हो रहे हैं तथा विकास के दावे खोखले साबित हो रहे हैं अपनी मुख्य सड़क मार्ग की समस्या को लेकर के ग्राम पंचायत चोकावाड़ा के ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग की है ।पूरा नहीं होने पर जिला कलेक्टर से मुलाकात करते हुए चक्का जाम करने का निर्णय लिया है ।...देखना अब यह है कि ग्रामीणों की समस्याओं से कैसे राहत पहुंचाया जाता है।



# चाकू से हमला करने वाले आरोपित को सात वर्ष सश्रम कारावास की

**ज्ञानचंद शर्मा**

गाली गलौज व मारपीट करते हुए चाकू से हमला करने के मामले के आरोपित को सत्र न्यायालय डिंडौरी द्वारा सात वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। सात ही अर्थदंड भी लगाया गया है। जानकारी देते हुए मीडिया सेल प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि अनुसार थाना शाहपुर अंतर्गत आरोपित सुन्?दर लाल धुर्वे पिता सूना लाल उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम कुईमाल के विरूद्ध गाली गलौज, मारपीट व हत्या का प्रयास का अपराध दर्ज किया गया था। 20 अक्टूबर 2021 को रात्रि लगभग साढ़े दस बजे ग्राम कुईमाल में सार्वजनिक स्थल में फरियादी व वहां उपस्थित अन्?य लोगों को डराते हुए फरियादी पर चाकू से हमला कर हत्?या का प्रयास किया गया था। मामले में थाना शाहपुर द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना के बाद चालान न्?यायालय में प्रस्?तुत किया। सत्र न्?यायालय डिंडौरी द्वारा अभियोजन साक्ष्?यों के आधार पर आरोपित सुन्?दर लाल धुर्वे को धारा 307 के अपराध के लिए सात वर्ष सश्रम कारावास और 10 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर आरोपित को छह माह सश्रम कारावास भुगताये जाने के आदेश पारित किए गए।



# यातायात पुलिस ने स्कूली बच्चों को दिया यातायात नियम और कार्यवाही का

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के निर्देशन में मंगलवार को उत्कृष्ट स्कूल डिंडौरी के विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा-जीवन् रक्षा के तहत थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक गिरिवर उइके के नेतृत्व में यातायात नियमों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को थाना यातायात में नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा



के तहत सड़क दुर्घटना रोकने में स्कूली बच्चों की भूमिका, बच्चों से जिम्मेदार बनने और समाज में सड़क सुरक्षा और सडक में चलते समय यातायात के नियम क्या है बताया गया। थाना यातायात से एएसआई ओम सिंह ठाकुर, प्रवीण सिंह ने बच्चों को यातायात चिन्ह , शराब परीक्षण किट, साउंड लेबल मीटर, स्पीड रडार की जानकारी देते हुए डेमो दिखाया। साथ ही बच्चों को चालान कैसे काटे जाते है यह भी बताया गया। बच्चों से कहा गया कि यातायात के नियमों का सभी को पालन चाहिए। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, ट्रिपल सवारी न बैठाए, निर्धारित गति में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को बताया गया कि बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाए और न ही चलाने दें। बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नशे में किसी को वाहन न चलाने दें। घर में जाकर अपने अभिभावक और पड़ोसियों को भी अपने माध्यम से सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। यातायात नियम व सड़क दुर्घटना के बारे में समझाए। यातायात के नियमों का पालन करके लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों पर लगाम लगाई जा सकती है। सभी को मिलकर सड़क सुरक्षा के प्रति सजग होना चाहिए। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का मतलब है कि आप अपनी जीवन की सुरक्षा के प्रति सजग है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में थाना यातायात पुलिस स्टाफ प्रधान आरक्षक माखन धुर्वे, नीलेश साहू, भूपेंद्र डॉल्हारे मौजूद रहे।

# यातायात थाना में पुलिस ने ली बस ऑपरेटर्स, एजेंटों की बैठक

**ज्ञानचंद शर्मा**

## यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने के दिए निर्देश

डिंडौरी। यातायात थाना में मंगलवार को बसों के संचालक,चालक, परिचालकों, बस ऑटो संघ के पदाधिकारियों की बैठक ली गई। थाना प्रभारी यातायात गिरवर उइके द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा समिति की पिछले दिनों हुई बैठक में दिए गए निर्देशों व निर्णयों सहित पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा द्वारा दिये निर्देशों का पालन किये जाने की जानकारी दी। साथ ही सभी बस संचालकों को निर्देशित किया गया कि कोई भी बस चालक अपने वाहनों को ओवरलोड , बिना परमिट न चलाएं। जितनी सवारियों की क्षमता है, उतनी ही सवारी बैठाएं। साथ ही निर्देश




दिए कि कोई भी बस चालक शराब पीकर अपने वाहन को न चलाएं। इस संबंध में सभी ड्राइवरों को सूचित कर दिया जाए। बस संचालकों को निर्देशित किया गया कि मंडला स्टैंड से समनापुर तिराहा तरफ जाने वाली बसों को नो एंट्री के समय में बायपास से निकाला जाए। बसों के कारण पुरानी डिंडौरी में जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसी तरह जिला अस्पताल के सामने बसें खड़ी करके सवारियाँ न बैठाएं व सभी प्रकार के यातायात नियमों का पालन करें। वाहनों की गति सीमित रखी जाए। कोई भी तेज गति से वाहन न चलाएं। सभी वाहनों को फिट और फ़स्ट एड बॉक्स किट रखें। बताया गया कि यातायात पुलिस पुलिस पुलिस अधीक्षक के निर्देशन् में लगातार बसों और सवारी वाहनों के दस्तावेजों की जांच कर रही है।



## यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, दर्जनों पर हुई कार्रवाई

डिंडौरी पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के निर्देशन पर यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक गिरवर उइके और स्टाफ द्वारा दो पहिया, चार पहिया, ऑटो, बस वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों टू व्हीलर पकड़े गए। इन वाहनों के चालक न तो हेलमेट पहने थे और न ही ड्राइविंग लाइसेंस व गाड़ी के कागजात साथ में थे। इन वाहनों के मालिक को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ऑनलाइन हर्जाना भरना होगा। लोगों से कहा गया कि कोई भी व्यक्ति बिना हेलमेट के बाइक न चलाएं, इसे कानून की रक्षा के साथ-साथ अपनी भी सुरक्षा है। चेकिंग अभियान में सहायक उप निरीक्षक ओम सिंह, प्रवीण सिंह, सुशील सिंह सहित यातायात बल मौजूद रहा।यातायात पुलिस डिंडौरी में संचालित सवारी वाहनों में आवश्यक दस्तावेजों की भी लगातार चेकिंग कर रही है। वाहन चालकों के पास बीमा, फिटनेस, परमिट, आरसी सहित लाइसेंस की जांच की जा रही है। बताया गया कि इन दिनों विवाह के कार्यक्रम अधिक होने से सवारी वाहनों पर विशेष कार्रवाई की जा रही है। इस माह यातायात पुलिस द्वारा अलग अलग धाराओं में 282 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 1,28,000 रुपये के करीब चलान काटे गये हैं।

# रोहित विद्या मंदिर हाई स्कूल नूर नगर विकास खण्ड उदयपुरा से प्रियांशी बामने ने कक्षा आठवीं तथा कनिष्क बामने ने कक्षा पांचवी में किया टॉप।



प्रियांशी बामने कक्षा 8वी

**हल्के वीर**

देवरी। मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा इस वर्ष कक्षा पांचवी और कक्षा आठवीं की परीक्षा पूर्णता बोर्ड पर आधारित थीं अब पूरी मेहनत विद्यार्थियों पर और स्कूल के गुरुजनों पर आ गई थी, इसके चलते स्कूल की कड़ी मेहनत तथा माता-पिता और बच्चों की लगन से उन्होंने इस वर्ष सफलतापूर्वक कक्षा पांचवी और आठवीं पास की। पास ही नहीं की बल्कि टॉप भी किया जी हां ऐसा ही मामला तहसील उदयपुरा के रोहित विद्या मंदिर स्कूल नूर नगर का है, जहां पर उदयपुरा के वरिष्ठ समाजसेवी आदरणीय रमन बामने जी की सुपुत्रियां प्रियांशी बामने तथा कनिष्क बामने में अपने स्कूल में टॉप किया आपको बताने की प्रियांशी बामने कक्षा आठवीं की छात्रा है जिन्होंने 89% बनाकर स्कूल में अपना प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं दूसरी ओर कनिष्क बामने कक्षा पांचवी की छात्रा है उन्होंने 83% बनाकर अपनी क्लास में अब्बल स्थान प्राप्त किया उनकी इस सफलता के लिए माता पिता तथा गुरुजनों ने उन्हें बधाई दी और आशा करते हैं कि भविष्य में भी इसी प्रकार से कार्य करके देश और समाज का नाम रोशन करेंगे। प्रियांशी बामने तथा कनिष्क बामने से बात साझा करने में पता चला कि वह भविष्य में आई.ए.एस बनना चाहती है, समाज और देश का नाम रोशन करना उनका पहला लक्ष्य होगा। उनकी इस सुनहरी सफलता के लिए समाज सेवियों ने उन्हें बधाइयां प्रेषित की।



कनिष्क बामने कक्षा 5वी

# सरस्वती स्कूल समनापुर का उत्कृष्ट रहा परिणाम




**ज्ञानचंद शर्मा**

डिंडौरी। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक स्कूल समनापुर का इस वर्ष कक्षा 5 वी और 8 वी की बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। दोनों ही कक्षाओ मे शत प्रतिशत छात्र छात्रा उत्तीर्ण हुए। कक्षा 5 वी में दर्ज संख्या 25 थी, जिसमें सभी 25 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा में प्रथम दीपंशु बर्मन, द्वितीय अर्पित श्रीवास व तृतीय स्थान वेदिका उइके ने प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 8 वी में दर्ज 24 छात्रों में से सभी छात्र छात्रा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर रिकार्ड स्थापित किया। प्रथम स्थान वैशाली गौतम 532/600, दूसरा हर्ष बर्धन उद्दे 518/600 व तीसरी स्थान प्रभाकर राठौर 517/600 ने प्राप्त किया। प्राचार्य अजय बैरागी व समिति के व्यवस्थापक मदन राय, अध्यक्ष अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष सरमन ठाकुर व समस्त सदस्यों ने स्कॉ के सभी छात्रों को बधाई दी है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष रमाकांत चौहान के नेतृत्व में करियर गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन



**भोपाल।** 14 मार्च 2023 को करियर गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमे विद्यार्थियों को अपने करियर में क्या करना चाहिए तथा विषय का चयन कैसे करना चाहिए तथा रोज़गार संबंधी जानकारी उनको दी गई एवं सभी बहनों एवं महिलाओं को द केरल स्टोरी मूवी के बारे मे बताया मूवी का उद्देश्य बहनों का हौसला बढ़ाना एवं उनको निडर बनाना था जिसमें मुख्य रुप से उपस्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन मंत्री महिमा दुबे जी उपस्थित रहीं कार्यक्रम अचीवर्स प्वाइंट उदयपुरा में रखा गया जिसमें सभी उदयपुरा की बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अंत में अचीवर्स प्वाइंट के संचालक निशांत जैन शर ने रायसेन से पधारी महिमा दुबे जी का शील्ड देकर सम्मान किया।

# एनएसयूआई ने सौरभ तिवारी को सौंपी जिलाध्यक्ष की कमान

**रोहित तिवारी /शहडोल।** कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी के आदेशानुसार, कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता जी की अनुशंसा पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के द्वारा युवा छात्र नेता सौरभ तिवारी को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन(हस्द्ध) का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि सौरभ तिवारी के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने से निश्चित रूप से कॉंग्रेस का छात्र संगठन और मजबूत होगा। सौरभ तिवारी की नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय अवस्थी, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुमित गुप्ता, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, जिला महासचिव आशीष तिवारी, मयंक,आशीष, शुभम, शिवी, अमन, आकाश,निखिल,पवन आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। उक्त जानकारी जिला कॉंग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने दी।



# रविदासिया चौधरी समाज जिला नरसिंहपुर द्वारा अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार के सुपौत्र मूलचन्द मेधोनिया को किया सम्मानित




**निवावर /सांईखेडा (जिला नरसिंहपुर)।** अनुसूचित जाति वर्ग में अनेक महापुरुषों,संत, महात्मा, गुरुओं व महान क्रांतिकारी वीर सपूत ने जन्म लिया है। जिनका देश और समाज के लिए प्राणों की आहुति दी है। ऐसे ही एक बलिदानी पुरुष मध्यप्रदेश के जिला नरसिंहपुर तहसील गाडरवारा के नगर चीचली मैं सन 19 42 के स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी जी के आवाहन पर रविदासी समाज के महान पराक्रमी वीर मनीराम अहिरवार थे। जिन्होंने चीचली गौड़वाना राजमहल की सुरक्षा में कुर्बानी दी, तथा समाज से उन दिनों अंग्रेजों द्वारा बेगारी प्रथा जबरन कराई जाती थी। जिसके विरुद्ध वीर मनीराम अहिरवार जी ने अंग्रेजी सेना से युद्ध लडा और उन्हें परास्त कर गांव से खदेड़ दिया था। अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के सुपौत्र मूलचन्द मेधोनिया को जिला नरसिंहपुर रविदासिया चौधरी ने उन्हें ग्राम निवावर ब्लाक सांईखेडा में आमंत्रित किया और उन्हें सम्मानित किया।

# डॉक्टर वी.पी. एस. चौहान ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने की घोषणा

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के आगमन पर डॉक्टर चौहान दल बल सहित 1000 लोग लेगे कॉंग्रेस की सदस्यता

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

**कोतमा।** अनूपपुर जिले के एक मात्र सामान्य सीट वाली विधानसभा कोतमा में लगातार राजनीतिक उथल पुथल देखने को मिल रहा है,कोतमा क्षेत्र सहित अनूपपुर जिले के लगभग सभी क्षेत्रों में लंबे समय तक विभिन्न प्रभावी पदों पर रहते हुए एक ज़िम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी के रुप में अपनी सेवाएं





देने के बाद सेवानिवृत्त होकर एक बार फिर जनता के बीच स्वयं को एक समाजसेवी के रुप में कांग्रेस का दामन थामने की आधिकारिक रुप से घोषणा की है।डॉ चौहान ने आगामी 22 मई को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के आगमन के अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्रीधर शर्मा जी के मार्गदर्शन में लगभग 1000 समर्थकों एक मजबूत और विश्वसनीय दल के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।डॉ चौहान ने बताया कि कोतमा विधानसभा क्षेत्र मेरे लिए केवल एक रिहायशी और अपने कार्यक्षेत्र का स्थान नहीं है बल्कि कोतमा की धरती पर मैंने अपने जीवन की आधी से ज्यादा उम्र बिताई है और यहा रहकर अपने प्रशासनिक कार्यकाल में मैंने आम जनता के सेवार्थ सदैव अपना सर्वस्व और शत प्रतिशत दिया है और मेरे जीवन के हर पल और हर कतरे पर कोतमा की पावन माटी का अधिकार है, इस दृष्टिकोण को लेकर अपनी प्रशासनिक सेवानिवृत्ति के उपरांत मैंने अपने जीवन काल में कोतमा विधानसभा क्षेत्र में एक जनसेवक के रुप में सदैव तत्पर रहने का फैसला लिया है।

# समर कैंप के अंतर्गत अनूपपुर पुलिस के द्वारा अमरकंटक में आयोजित किया गया जंगल ट्रैकिंग एवं एडवेंचर कैंप

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**



अनूपपुर। माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन श्री षिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन, एवं निर्देषन, पुलिस महानिदेशक महोदय म.प्र. श्री सुधीर कुमार सक्सेना एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन शहडोल श्री दिनेश चंद्र सागर के निर्देशन में अनूपपुर पुलिस द्वारा विगत 02.05.2023 से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेंद्र सिंह पवांर के निर्देश पर समर कैंप में भाग ले रहे बच्चों एवं उनके परिजनों के लिए जंगल ट्रैकिंग एवं एडवेंचर कैंप का आयोजन आज दिनांक 18.05.2023 को किया गया। ट्रेकिंग का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा एसडीओ वन विभाग, तथा वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी समर कैंप के प्रतिभागी बच्चों एवं पुलिस बल की उपस्थिति में किया गया। ट्रैकिंग में करीब 70 बच्चे, पुलिस अधिकारी/कर्मचारी, वन विभाग एवं बच्चों के परिजन भी सम्मिलित हुए। ट्रैकिंग का कार्यक्रम 5.5 किलोमीटर पर शंभूधारा से लक्षमन धारा तक आयोजित किया गया। जिसमें सभी बच्चे एवं उनके परिजन बड़े उत्साह के साथ भाग लिया गया एवं पुलिस




अधीक्षक की उपस्थिति में पर्यावरण की सुरक्षा हेतु पर्यावरण बचाओ का संदेश देते हुए वहां पर उपस्थित प्रतिभागियों एवं पुलिसकर्मयों के द्वारा श्रमदान किया गया एवं लाईफ मिषन के अतंर्गत पर्यावरण को बचाने हेतु शपथ दिलायी गयी। आयोजित ट्रैकिंग कैंप में बच्चों के परिजनों के द्वारा अमरकंटक के रमणीय स्थल का बहुत आनंद लिया गया टेढ़े मेढ़े घुमावदार रास्ते एवं पहाड़ों के बीच ट्रेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा आयोजित ट्रैकिंग कैंप से एक तरफ बच्चों में एवं आम जनमानस में पर्यावरण बचाओ की भावना विकसित हुई है तथा दूसरी तरफ इस अभिनव प्रयास को लेकर समर कैंप के बच्चों में आनंद एवं उत्साह का वातावरण बना है।

# कोल इंडिया उद्योग में कामगर हीतों की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है इंटक-विक्रमा सिंह

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

**अनूपपुर।** कोयला उद्योग में केन्द्र सरकार इंटक को पीछले सात वर्ष से अपने राजनैतिक हीतों को ध्यान में रखकर जेबीसीसीआई से बाहर रखा । और इंटक कलकत्ता हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट से जीत कर पुनः 11वें जेबीसीसीआई में शामिल हुआ है । चुकि इंटक के शामिल होने से पूर्व 8 बैठक पहले हो चुके है । इंटक 9वीं बैठक में पहली बार शामिल रहा और कल 19 मई 2023 को कलकत्ता में होने वाले 10वीं बैठक में दूसरी बार शामिल होगा । पीछली बैठकों में 19प्रतिशत एमजीबी का प्रस्ताव पास कर भारत सरकार के पास अनुमोदन के लिये भेजा गया । अभी तक अनुमोदित हुआ की नही स्थिति स्पष्ट नही है कल की बैठक में स्पष्ट होगी । कोयला उद्योग के 2लाख 40 हजार कामगार एक लम्बे अर्से से 11वीं वेतन समझौता के आसॅ लगाये ट्रेड युनियन और प्रबन्धन ओर टक टकी लगायें देख रहे है । मध्यप्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव विक्रमा सिंह ने कहा कि इंटक कोल इंडिया उद्योग में कामगरों के हीतों की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है । श्री सिंह बताये कि कोल इंडिया के राष्टीय महामंत्री



एस.क्यू.जामा ने कल बैठक में जाने से एक घण्टा पूर्व चारों युनियन के साथियों से अपील किये है कि हम सभी का आपसी बैठक हो जाये ताकि युनियन की भी तैयारी बनी रहे ।श्रीसिंह ने कहा की हमारे जामा जी पर कोयला कर्मीयों को विश्वास रहता है कि इंटक बैटक में शामिल है तो बेहतर ही समझौता होगी। क्योकि जामा जी हम सभी को अवगत करा चुके है कि मेडिकल स्कीम सीपीआरएमएस -एन.ई.में अधिकारियों को 25 लाख की चिकित्सा सुविधा एवं कामगारों को 8 लाख की चिकित्सा सुविधा जो भारी विसंगतिया है और 9 3 0, 9 4 0, 9 5 0 के अतंगर्त गम्भीर रूप से अस्वस्थ्य कामगारों का कम्पनी में लगभग 6 वर्ष से मेडकल नही हो रहा ,इंटक इस विषय पर गम्भीर है । वही प्रबंधन के अण्डर ग्राउण्ड एलाउन्स को फ्रीज करने की कोशिश को युनियन सफल नही होने देगी । फिमेल व्ही.आर.एस. के मुददे के साथ सेवा निवृत कामगारों के ग्रेच्युटी भुगतान में भारी विसंगतिया है जिसे बैठक में उठायेगी इंटक । इंटक राष्टीय सचिव व जेबीसीसीआई सदस्य एवं एसईसीएल इंटक के केन्द्रीय अध्यक्ष गोपालनारायण सिंह ने बताये कि कोल के हाई पावर कमेटी ने 2013 में ही कोयला उघोग में कार्यरत ठेकेदारी मजदूरों के सामाजिक सुरक्षा व मेडिकल सुविधायें जैसे कई सुविधाये लागू करने की नीति निर्धारण तय किया लेकिन प्रबन्धन उसे व्यवहार में लागू नही कर पाया है । इस पर विषय को गम्भीरता से बैठक में उठाया जायेगा ।

# युवा नेता मनोज बने भाजपा मंडल महामंत्री

**उमेश तिवारी**



सोनहत। भाजपा मण्डल सोनहत की नई कार्यकारिणी भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल तथा मण्डल अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े की सहमति से जारी की गई है. इस कार्यकारिणी में इस बार साधारण परिवार के कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए युवा नेता मनोज साहू को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है.मनोज साहू ने छात्र संघ के सबसे बड़े संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से राजनीति की सुरुआत किया था. इस दौरान सोनहत महाविद्यालय के सचिव व उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़े थे.और चुनाव जीत कर छात्र हित में लड़ाईयां लड़ी थी। लगभग 8 सालों से परीक्षा केंद्र की मांग करते हुए आंदोलन भी किया था जिसका परिणाम सकारात्मक मिला और आज छात्र छात्राओं की वर्षो की समस्या का समाधान हुआ और सोनहत कॉलेज में परीक्षा केंद्र की स्वीकृति मिली। पढ़ाई छोड़ने के बाद युवा मोर्चा में नेतृत्व करते हुए मण्डल अध्यक्ष बन कर जनहित के मूद्दो पर कई आंदोलन किया है. मनोज का यह परिश्रम और संगठन के प्रति समर्पण का परिणाम ही है जो भाजपा ने संगठन के महत्वपूर्ण पद पर महामंत्री का दायित्व सौंपा है। महामंत्री बनने के बाद मनोज ने भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी मंत्री नवरत्न पांडे मण्डल अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े जी का आभार व्यक्त किया है।

# गंगाश्री में भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने देखी मूवी

**बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय स्थित बैकुंठपुर में भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने सिनेप्लेक्स में द केरला स्टोरी देखा। युवाओ के उत्साहवर्धन के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल भी पहुंचे श्री जायसवाल ने हिन्दूओं और युवा युवतियों को ज्यादा संख्या में मूवी देखने के लिए अपिल करते हुए कहा है कि सभी यह फिल्म को जरुर से जरुर देखें क्यों कि देश में किस प्रकार से यह फ़िल्म धर्मांतरण का खेल चल रहा है इसे देखकर




हिन्दूधर्म के लोगों को जागरूक होना जरूरी है। केरल में युवतियों के ब्रेनवाश कर उन्हें धर्मपरिवर्तन करने, उनका शोषण करने और आतंकवादी संगठनों से जोड़कर उनका शोषण, बलात्कार ,अपहरण और हत्या जैसी वास्तविक निर्मम घटनाओं से जुड़ी है। यह घटना केरल में विगत कई वर्षों से युवक युवतियों को धर्म परिवर्तन कराकर उन्हें नरक की जिंदगी में धकेला जा रहा है। खुफिया एजेंसियों की जांच में बेहद चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। द केरला स्टोरी सच्ची घटना पर बनाई गई मूवी है, जिसमे तीन लड़कियों जिनमे से दो हिन्दू और एक ईसाई लड़की के साथ धोखा देकर किये गए क्रूर अत्याचार की कहानी दिखाई गई है। मूवी देख रहे दर्शक ने सच्ची घटना पर बनी इस मूवी को देखकर भावुक हो गए।उन्होंने कहा कि समाज की लड़कियाँ और लड़के इस मूवी को जरूर देखें और जागरूक हों कि किस तरह से आतंकवादी संगठन लव जेहाद को संरक्षण दे रहे हैं। केरल राज्य में लगातार हिन्दू और ईसाइयों के बच्चे इस षणयंत्र का शिकार हो रहे हैं, यही स्थिति देश के कई राज्यों में है। जिलाध्यक्ष हितेश ने कोरिया के सभी युवक युवतियों से आग्रह किया है कि देश और समाज के भविष्य के लिए इस मूवी को परिवार सहित देखें। इस दौरान मुख्य रूप से उपाध्यक्ष कमलेश साहू कमलेश राजवाड़े सच्चीदान्द द्विवेदी उमाशंकर बंटी महामंत्री प्रखर गुप्ता कुणाल जायसवाल मंत्री रमेश तिवारी अनिल राजवाड़े सहकोषाध्यक्ष अंकित जायसवाल अश्वनी सिंह गोलू जंप सदस्य रामचन्द्र राजवाड़े सूजंय जैन श्री राम दूबे सुरेश राजवाड़े प्रविंद सिंह राजेश यादव शक्ति मान साहू मंयक राठौर सुनिल साहू सरद सिंह तथा अन्य कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी जिला राजगढ़ टीम ने कृषि मंत्री कमल पटेल के खिलाफ़ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और रेली निकाली

**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़। आम आदमी पार्टी जिला राजगढ़ इकाई के नेतृत्व में आज दोपहर 3 बजे खिलचीपुर नाका पर जंगी प्रदर्शन किया, धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया की विगत दिनों भोपाल में हाल ही में हुए जाट महाकुंभ में आम आदमी पार्टी के म प्र प्रभारी बीएस जून जाट महाकुंभ में शामिल होने पहुंचे थे। मंच पर जैसे ही आप के प्रभारी बीएस जून ने किसानों के मुद्दे, ओर उनके हक को लेकर बोलना शुरू किया। तो मंच पर ही कृषि मंत्री कमल पटेल ने उन्हें किसानों के मुद्दे और उनके हक की बात करने से रोका। इतना ही नहीं दिल्ली से आप विधायक और प्रभारी बीएस जून को मंत्री कमल पटेल ने मंच से नीचे उतारने की धमकी भी दी। सवाल ये है कि ये सरकार किसानों के मुद्दों, एवम् उनकी परेशानियों पर चर्चा करने से डरती क्यों हैं। वही धरना प्रदर्शन को पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष अश्वेन्द्र छाबड़ा ने उक्त घटना पर रोष व्यक्त करते हुए कृषि मंत्री कमल पटेल से माफी की मांग की , वहीं लोकसभा संयुक्त सचिव प्रवीण सक्सेना एडवोकेट ने किसानों की बात करना, उनके हक को लेकर आवाज उठाने पर पार्टी प्रभारी को रोकना, आम आदमी पार्टी का नही, मध्य प्रदेश के करोड़ों किसानों का अपमान बताया। जिला संयुक्त सचिव गोवर्धन तंवर, ब्लॉक अध्यक्ष कुरावर दिनेश चंद्रवंशी, पंडित दिनेश नागर, ओबीसी जिला संयुक्त सचिव दिलीप कुशवाहा आदि ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने किसानो की आवाज उठाने पर आप के नेता को धमकाने के कृत्य की अपने शब्दों में भर्तसना करते हुए घोर निंदा की। धरना प्रदर्शन के तुरंत पश्चात आम आदमी पार्टी



ने पूरे नगर में नारों के साथ रैली का आयोजन किया। व जगह-जगह नुक्कड़ सभा की जिनमें चेतावनी दी कि आम आदमी पार्टी किसानों के बीच में जाकर भाजपा और उसके निक्कमे कृषि मंत्री के खिलाफ़ गांव गांव में जन जागरण अभियान छेड़ेगी। रैली व कार्यक्रम का सफल संचालन पार्टी जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र विजयवर्गीय द्वारा किया गया।

# बिजली बिलों का समाधान शिविर लगाकर किया जाए - मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बिजली बिलों का समाधान शिविर लगाकर किया जाए, समय-सीमा निर्धारित कर शिविर लगाए जाएँ। अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया को गति दी जाए तथा सबंधित कॉलोनियों के रहवासियों को कॉलोनियों के अवैध से वैध होने की जानकारी दी जाए। वर्षा काल में सड़कों के रख-रखाव की कार्य-योजना बनाई जाए तथा विभिन्न क्षेत्र की सड़कों की जिम्मेदारी उच्चाधिकारियों को सौंपी जाये। सड़कों की स्थिति पर नजर रखने तथा प्रभावित सड़कों की त्वरित मरम्मत के लिए राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाये। जनजातीय विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रावासों की व्यवस्था पर अधिकारी नजर रखें तथा प्रभारी मंत्री भी इन छात्रावासों का आवश्यक रूप से दौरा करें। मुख्यमंत्री चौहान मंत्रि-परिषद की बैठक के बाद मंत्रालय में हुई मंत्रीगण, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव तथा सचिवों की बैठक में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने मंत्रि-परिषद की पिछली बैठक के बाद दिए गए निर्देशों पर हुई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की।

# नागरिकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करें

भोपाल

महापौर श्रीमती मालती राय ने महापौर हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए लंबित शिकायतों के संबंध में निगम अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की और निर्देशित किया कि महापौर हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का निराकरण तत्काल करें और यह व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए कि प्रतिदिन जो शिकायतें महापौर हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त हो उनका निराकरण 24 घंटे के भीतर किया जाए। समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती राय ने अनेक शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर शिकायतों एवं उनके निराकरण के संबंध में चर्चा कर फीडबैक भी



लिया। शिकायतकर्ताओं ने उनकी शिकायतों के निराकरण हेतु त्वरित व संतुष्टिपूर्ण कार्यवाही पर महापौर श्रीमती राय के प्रति आभार भी व्यक्त किया। समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती राय को अवगत कराया गया कि माह मई में अभी तक 1556 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 1221 शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण ढंग से निराकरण कर दिया गया है तथा शेष के निराकरण हेतु कार्यवाही प्रचलन में है।

## मां भारती को परम वैभव तक पहुंचाने और जनमानस की सेवा संकल्प के साथ

# नरेला विधानसभा के वार्ड 37, 38 और 39 में बूथ विजय संकल्प अभियान की बैठक संपन्न

भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज विश्व के मानचित्र पर भारत की अलग पहचान बनी है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी और सर्वस्पर्शी योजनाओं के माध्यम से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ते हुए सुचिता एवं कल्याण की राजनीति स्थापित हुई है। यह वकत्वय चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बूथ विजय संकल्प अभियान के दौरान दिया। मंत्री सारंग ने नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 37, 38 और 39 में महामाई व स्टेशन मंडल में आयोजित बूथ विजय संकल्प अभियान की बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव में भाजपा को अपने-अपने बूथों पर विजय दिलाने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान महामाई मंडल अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, स्टेशन मंडल अध्यक्ष नितिन पाठक, पार्टी



पदाधिकारी, बूथ समिति सदस्यों सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। मंत्री सारंग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल देश ही नहीं अपितु पूरे विश्व में सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। इसका श्रेय पार्टी के कार्यकर्ताओं को जाता है, जो जमीनी स्तर पर पार्टी की विकासशील रिति-निति को जनता के बीच लेकर पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन का ध्येय सत्ता के माध्यम से मां भारती को परमवैभव तक पहुंचाना और जनता की सेवा करना है। इसीलिये प्रत्येक कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि भारत को पुन: विश्व गुरू के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य के साथ अपने-अपने बूथ पर भाजपा की विजय पताका लहराने के लिये दृढ़ संकल्पित होकर जनता के बीच कार्य करें।

मंत्री सारंग की नेतृत्व में नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 37, 38 एवं 39 में बूथ विजय संकल्प अभियान के दौरान कुर्सी रेस, कबड्डी, खोखो सहित विभिन्न प्रकार के खेल पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों द्वारा बूथ समितियों के साथ मिलकर खेले गये। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी खेलों का कार्यकर्ताओं ने भरपूर आनंद लिया।

# बसों से अनुरक्षण शुल्क की वसूली में कमी से रोजाना हो रहा 8 हजार का नुकसान

**भोपाल।** भोपाल के आईएसबीटी (इंटर स्टेट बस टर्मिनल) में बसों के संचालन और बस अड्डे के संधारण की जिम्मेदारी भोपाल नगर निगम के पास है। इसके लिए निगम द्वारा बस अड्डे में आने वाली बसों से अनुरक्षण शुल्क की वसूली होती है। लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही के कारण ये नगर निगम को पूरा राजस्व मिल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आइएसबीटी से करीब 400 बसों का संचालन हो रहा है, लेकिन 180 बसों का अनुरक्षण शुल्क ही वसूल हो रहा है। इससे भोपाल नगर निगम को प्रतिदिन आठ हजार रुपये का नुकसान होता है। इसके बाद निगम ने अब आइएसबीटी में अनुरक्षण शुल्क वसूलने की जिम्मेदारी निजी कंपनी को देने का निर्णय लिया है। इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। संबंधित अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में कंपनी को करीब 24 लाख रुपये सालाना की कमाई हो रही है। इसी को ध्यान में रखकर टेंडर जारी किया गया है। जिसमे न्यूनतम आफर मूल्य 25 लाख रुपए रखा गया है। वर्तमान में यह काम बीसीएलएल ने जोन क्रमांक 12 को सौंप रखा है। जहां से नियमित वसूली कंपनी के खाते में जमा हो रही है।वर्तमान में औसतन 180 के करीब बसों से आईएसबीटी बस स्टैंड पर आने का 40 रुपये प्रति बस के मान से अनुरक्षण शुल्क वसूला जा रहा है।

## स्टोइनिस ने खेली नाबाद 89 रन की पारी

# लखनऊ प्लेऑफ के करीब, मुंबई को 5 रन से हराया, मोहसिन ने आखिरी ओवर में 11 रन डिफेंड किए

लखनऊ

लखनऊ सुपरजायंट्स इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के प्लेऑफ के बेहद नजदीक पहुंच गई है। टीम अधिकृत क्वालिफिकेशन से महज 2 अंक दूर है। लखनऊ की टीम ने मुंबई इंडियंस को अपने घरेलू मैदान पर 5 रन से हराया है।

इस जीत के साथ लखनऊ तीसरे नंबर पर आ गई है। टीम ने 13 मैचों में 7वीं जीत है। टीम के खाते में 15 अंक आ गए हैं, जबकि मुंबई 13 मैचों में से छठी हार का सामना करना पड़ा है। टीम 5वें पायदान पर है। इकाना स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 177 रन बनाए। जवाब में मुंबई के बल्लेबाज 20 ओवर में 5 विकेट पर 172 रन ही बना सके।

मुंबई के ओपनर ईशान किशन ने 34 बॉल में हाफ सेंचुरी पूरी की। यह मौजूदा सीजन में ईशान की तीसरी फिफ्टी है। उन्होंने करियर का 15वां अर्धशतक जमाया है।

कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन ने 58 बॉल पर 90 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। इस साझेदारी को रवि बिश्नोई ने रोहित शर्मा को आउट कर तोड़ा।






178 रन का टारगेट चेज करने उतरी मुंबई ने जबर्दस्त शुरुआत की। टीम ने 6 ओवर में बिना नुकसान के 58 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन नाबाद रहे। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 177 रन बनाए। मार्कस स्टोइनिस ने सीजन का तीसरा अर्धशतक जमाया, जबकि कप्तान क्रुणाल पंड्या 49 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए।

### रेसलर्स विवाद में जांच कमेटी ने मांगे सबूत

**पानीपत।** भारतीय कुश्ती संघ (WFI) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे देश के शीर्ष पहलवानों का आज 24वां दिन है। महिला पहलवानों के भाजपा सांसद और कुश्ती महासंघ प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज किए गए छेड़छाड़ के आरोपों की जांच कर रही कमेटी पर शिकायतकर्ता 3 महिला पहलवानों ने अपनी चिंताएं व्यक्त की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहलवानों का आरोप है कि कमेटी ने उनसे बृजभूषण के खिलाफ छेड़छाड़ के ऑडियो और वीडियो प्रूफ की मांग की है। कमेटी उन्हें सताने का काम कर रही है। कमेटी मेंबरों ने महिला पहलवानों को बताया कि उनके हाथ तब तक बांधे हैं जब तक वे बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के सबूत नहीं दे देती। बिना सबूत वो कुछ नहीं कर सकते। जिस पर पहलवानों ने कहा कि ऐसे होने पर कौन महिला यौन शोषण के समय वीडियो रिकॉर्ड कर पाएगी। जब आप कुछ ऐसा अनुभव करते हो तो सांस भी नहीं ले सकते।

## CSK के अंतिम लीग मैच के बाद इंग्लैंड लौटेंगे स्टोक्स, एशेज की तैयारी करेंगे



नई दिल्ली

चोट से जूझ रहे इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स इंडियन प्रीमियर लीग 2023 (IPL) में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के अंतिम लीग मैच के बाद वापस इंग्लैंड लौट जाएंगे। जिससे उन्हें अगले महीने से शुरू हो रही एशेज सीरीज की तैयारियों के लिए पूरा समय मिल सके। CSK अपना अंतिम लीग मैच दिल्ली कैपिटल्स (DC) के खिलाफ 20 मई को अरुण जेटली स्टेडियम में खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज 16 जून से शुरू होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 16 जून को एशेज सीरीज की शुरुआती होने जा रही है। स्टोक्स शनिवार दोपहर को दिल्ली के खिलाफ अपना अंतिम लीग मैच खेलने के बाद वापस यूके लौटेंगे।

इस 31 साल के ऑलराउंडर को CSK ने दिसंबर 2022 की नीलामी में 16.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। हालांकि अभी तक उन्होंने सिर्फ दो मैच खेला है। उन दो मैचों में कुल 15 रन बनाए। साथ ही गेंदबाजी करते हुए एक ओवर में 18 रन दिए थे। उसके बाद पैर की उंगली में चोट के कारण वह कोई भी मैच नहीं खेल पाए। बेन स्टोक्स ने पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को चैंपियन बनाया।

CSK का प्रदर्शन CSK की टीम ने इस सीजन में अभी तक 13 में से 7 मैच जीते हैं और पांच में उसे हार मिली है। एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। अभी CSK 15 अंक लेकर पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है। यहां से वह प्लेऑफ में जाने से बस एक जीत दूर है। टीम को आखिरी लीग मैच 20 मई (शनिवार) को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है।

# व्यापार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3750-3780, खोपरा गोला 120-145, खोपरा बूरा 2100-4200 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 505-510, ऊंझा हल्का 515-525, मीडियम 520-525, बेस्ट 530-540, हल्दी निजामाबाद 100-120, सांगली 150-160, साबूदाना हल्का 6650-6750, मीडियम 6800-6900, बेस्ट 7400-7500, वर लक्ष्मी 7500, सौंफ मोटी 220-223, मीडियम 240-256, बेस्ट 288-290, सौंफ बारि?क 190-225, कालीमिर्च एटम 520-522, गरबल 511-515, मटर दाना 565-575, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 125-145, बेस्ट 155-165, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 460-475, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 700-750, सिंगापुरी 630-640, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1320-1340, मैदा कट्टा 1350-1370, रवा कट्टा 1450-1470, बेसन 3375 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1550-1600, (160) 1650-1750, (200) 1750-1850, (250) 1900-1950

**तेल :-** सींगदाना 1660-1680, मुम्बई 1660, राजकोट तेलिया 2620, सोया साल्वेंट 895-900, सोया रिफाइंड 935-940, कपास्या 870, धूलिया 880, कड़ी 880,

**तिलहन :-** सरसो 5800-5900, रायडा 4500-4700, सोयाबीन 4800-5300, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,


**दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 5125-5150, एवरेज 4900-4950, विशाल 4950-5075, काबूली चना बिटकी 6200-6500,

### कच्चे माल की कीमतों में आई नरमी का फायदा ग्राहकों को देंगी कंपनियां

# बिक्री तेज करने एफएमसीजी कंपनियां बढ़ाएंगी उत्पाद की मात्रा

नई दिल्ली

रोजमर्रा इस्तेमाल की वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियां मात्रा के लिहाज से अपनी बिक्री बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। कच्चे माल की कीमतों में आई नरमी का फायदा ग्राहकों को देने के लिए कंपनियां उत्पाद की मात्रा बढ़ा रही हैं और दाम में कमी कर रही हैं। इससे बिक्री में तेजी आएगी। एनआईक्यू के आंकड़ों के अनुसार पिछली छह तिमाहियों तक घटने के बाद इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में ग्रामीण मांग में बढ़ोतरी हुई है। तिमाही में ग्रामीण मांग 3.1 फीसदी बढ़ी। प्रमुख बिस्कुट कंपनी ब्रिटानिया कंपनी के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक वरुण बेरी ने तिमाही नतीजे जारी करने के बाद विश्लेषकों से बातचीत में कहा था कि उनकी नजर केवल मार्जिन बढ़ाने पर नहीं है। हम राजस्व,



मात्रा और बाजार हिस्सेदारी में इजाफा छोड़कर केवल मार्जिन बढ़ाने के पीछे नहीं पड़ना चाहते। इनमें संतुलन होना चाहिए और हम वही करने की कोशिश कर रहे हैं। बाजार में होड़ में बने रहने और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए हमें उत्पादों की कीमत वाजिब रखनी होगी। उन्होंने विश्लेषकों से यह भी कहा कि कंपनी ने कीमतों में कटौती शुरू कर दी है और आगे भी दाम कम किए जा सकते हैं।

पारले प्रोडक्ट्स ने भी अपने बड़े पैक सस्ते किए हैं। उसने अपने कुछ उत्पादों के पैकेट में सामान की मात्रा भी बढ़ाई है। पारले प्रोडक्ट्स के वरिष्ठ श्रेणी प्रमुख मयंक शाह ने कहा कि पिछले महीने हमने छोटे पैक में सामान की मात्रा बढ़ाई और बड़े पैक की कीमतों में 10 से 15 फीसदी कटौती की। हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के मुख्य वित्तीय अधिकारी ऋतेश तिवारी ने वित्तीय नतीजे जारी करने के बाद विश्लेषकों से बातचीत में कहा था कि कंपनी को कीमत और मात्रा में वृद्धि दोबारा संतुलित होने की उम्मीद है।

एचयूएल अपना मार्जिन बढ़िया रखते हे उपभोक्ता बढ़ाने के लिए चुस्ती के साथ कारोबार संभालेगी। हमारा जोर मात्रात्मक बिक्री के मोर्चे पर प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए वाजिब कीमत में सही चीज देते हुए सकल मार्जिन बढ़ाने और प्रचार-प्रसार पर है। डाबर इंडिया के मुख्य कार्याधिकारी मोहित मल्होत्रा ने भी विश्लेषकों से कहा कि वृद्धि को रफ्तार देने के लिए मात्रा बढ़ाने और अपनी पैठ गहरी करने पर कंपनी का ध्यान है।

### गूगल के CEO जेब में रखते हैं वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट

शिमला। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार (16 मई) को हिमाचल के शिमला में रोजगार मेले को संबोधित करते हुए अपनी सरकार की जमकर तारीफ की। इस दौरान उन्होंने गूगल के ष्टश्वह्र सुंदर पिचाई के साथ मुलाकात के दौरान हुई एक चर्चा के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, गूगल के ष्टश्वह्र सुंदर पिचाई मुझसे दिल्ली में एक कार्यक्रम में मिले।

## ब्रिटेन से आयातित कारों पर कर समाप्त होने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारतीय कार निर्माताओं ने ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौते में सीमित संख्या में वाहनों पर आयात कर समाप्त करने की सहमति जताई है। माना जा रहा है कि इससे दुनिया के तीसरे सबसे बड़े वाहन बाजार तक बेहतर पहुंच बनाने में बड़ी मदद मिलेगी। देश की प्रख्यात वाहन संस्था द्वारा सरकार को सौंपे गए प्रस्ताव के अनुसार, भारत मौजूदा समय में कार आयात पर 60 प्रतिशत और 100 प्रतिशत तक कर लगाता है, जिसे चरणबद्ध तरीके से घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा, लेकिन इस दायरे में 46,200 वाहनों की सर्वाधिक संख्या शामिल होगी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चरर्स (सियाम) ने वाणिज्य मंत्रालय को सौंपी जानकारी में कहा है, यदि जरूरत पड़ी तो आयात शुल्क शून्य भी किया जाएगा। इस सीमित कोटे से अलग सियाम ने 10 वर्ष की अवधि के दौरान कारों पर आयात कर घटाकर 30 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा है, जिस बार में रॉयटर्स ने पहले ही खबर प्रसारित की थी। सियाम अब ब्रिटेन से कुल आयात आंकड़े के आधार पर पांच साल बाद और ज्यादा कटौती की संभावना तलाश रहा है। सियाम के सदस्यों में मारुति सुजुकी से लेकर टाटा मोटर्स और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)